आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने विश्व रेबीज दिवस पर सभी नागरिकों से अपील की है कि वे रेबीज़–मुक्त स्थिति को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएँ।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- द्वीपसमूह में कल विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

आज विश्व रेबीज दिवस है। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी जोशी ने कहा कि हमें इस घातक बीमारी को खत्म करने की तत्काल आवश्यकता है। इस वर्ष का विषय, "अभी कार्य करें: आप, मैं और समुदाय", इस बात पर ज़ोर देता है कि रेबीज उन्मूलन केवल स्वास्थ्य अधिकारियों की ज़िम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक साझा कर्तव्य है जिसमें व्यक्तियों, परिवारों, समुदायों और संस्थानों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। यह एक रेबीज मुक्त क्षेत्र है और द्वीपसमूह को रेबीज मुक्त बनाए रखने के लिए पालतू जानवरों का नियमित टीकाकरण, ज़िम्मेदारी से स्वामित्व, प्रभावी निगरानी और पंचायतों, नगरपालिका परिषदों, नागरिक समाज, पशु कल्याण संगठनों और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के बीच घनिष्ठ समन्वय आवश्यक है। उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने इस अवसर पर, सभी नागरिकों से अपील की है कि वे रेबीज़–मुक्त स्थिति को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएँ और "2030 तक शून्य" – यानी कुत्तों से होने वाले रेबीज़ से शून्य मानव मृत्यु – के वैश्विक मिशन का समर्थन करें।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत 22 सितंबर से हुई है। इससे समाज का हर वर्ग अब लाभान्वित हो रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार से विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम हुई हैं और लोगों को राहत मिली हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में कल विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पर्यटन विभाग ने मेगापोड रिज़ॉर्ट के कॉन्फ्रेंस हॉल में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन के वैश्विक विषय "पर्यटन और सतत परिवर्तन" के तहत एक विषयगत संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार, मुख्य अतिथि थे। मुख्य सचिव ने औपचारिक रूप से एस्ट्रो टूरिज्म नीति, फ्लाई–बोर्ड व वाटर जेट पैक के लिए मानक संचालन प्रक्रिया, कार्यक्रमों, मेलों और त्यौहारों का कैलेंडर और नई आधिकारिक पर्यटन वेबसाइट का शुभारंभ किया। उन्होंने कारवां बस को भी हरी झंडी दिखाकर द्वीपसमूह में कारवां पर्यटन की शुरुआत की, जो विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त, टिकाऊ और अनुभव–आधारित यात्रा का एक तरीका है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नई संशोधित पर्यटन वेबसाइट अत्यधिक गतिशील है। कार्यक्रम में पर्यटन सचिव, ज्योति कुमारी, ने कहा कि द्वीपसमूह में पर्यटन 1980 के दशक में अपनी मामूली शुरुआत से लेकर वैश्विक चुनौतियों के बावजूद 2024 में सात दशमलव दो लाख आगंतुकों का स्वागत करने तक उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि "उच्च–मूल्य, कम–मात्रा, टिकाऊ पर्यटन" के दृष्टिकोण के अनुरूप, पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए पिछले वर्ष परिवर्तनकारी उपाय किए गए हैं। सत्र के दौरान, विशेषज्ञ वक्ताओं ने इको–पर्यटन और सतत पर्यटन पर अपनी बहुमूल्य जानकारी दी। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ पर्यटन हितधारक भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के स्कूलों के छात्रों के लिए राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन कल श्री विजयपुरम स्थित शिक्षा सदन के सम्मेलन हॉल में किया गया। संगोष्ठी का विषय था "क्वांटम युग की शुरुआत – संभावनाएँ और चुनौतियाँ", जो कक्षा आठ से दस तक के छात्रों के लिए थी। गोष्ठी में सात

छात्रों ने भाग लिया, जो द्वीप समूह के सभी तीन जिलों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। संगोष्ठी का शुभारंभ उप निदेशक शिक्षा (विज्ञान) राम प्रवेश ने किया। उन्होंने मुख्य अतिथि ज्ञानशील दुबे, शिक्षा निदेशालय के प्रमुख, सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री विजयपुरम् की कंदवली वरिनका को विजेता घोषित किया गया, जबकि वीकेवी स्कूल, लम्बा लाइन की डी. लेखा को उपविजेता चुना गया। विजेता कंदवली वरिनका अब राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो 30 अक्टूबर को बंगलुरु में आयोजित होगी।

<><><><><><><>

दो अक्टूबर दो हजार पच्चीस को महात्मा गांधी की एक सौ छप्पनवीं जयंती पूरे देश में मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्री विजयपुरम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी सवा आठ बजे गांधी पार्क पहुँचेंगे। सभी सरकारी विभागों, संस्थाओं, स्वायत्त निकायों, पंचायत प्रधानों, स्वयंसेवी संगठनों और ग्रामीणों से अनुरोध है कि वे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान द्वारा सामुदायिक संपत्ति का निर्माण करें और इस माह में विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं। सामान्य जनता से अनुरोध है कि वे इस दिन पर पशुओं, पक्षियों की हत्या, मछली पकड़ने और शराब सेवन से बचें। दो अक्टूबर को "ड्राई डे" के रूप में मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस के अवसर पर पी एम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कैम्पबेल बे के छात्रों और कर्मचारियों ने भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर लक्ष्मण समुद्र तट पर शतरंज और तटीय सफाई कार्यक्रम आयोजित किया। इस विशेष आयोजन में छात्रों, शिक्षकों, भारतीय तट रक्षक अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने समुद्र तट की सफाई की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य "प्लास्टिक पर अंकुश लगाना और शतरंज को बढ़ावा देते हुए तटों की रक्षा करना", था।

<><><><><><><>